# देशी मवेशी नस्लों के संरक्षण हेतु पहल

[स्रोत: द हिंदू](#)

**राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIAB) पशुधन क्षेत्र** के संरक्षण और सतत् विकास के लिये कई पहलों पर काम कर रहा है।

## राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान

- राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (National Institute of Animal Biotechnology (NIAB) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्थान है।
- NIAB का उद्देश्य **नवीन और उभरती हुई जैव प्रौद्योगिकी** का प्रयोग करना तथा पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में **सुधार के लिये अत्याधुनिक क्षेत्रों में अनुसंधान** करना है।
- इसका मिशन नवीन प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक स्थायी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी **पशुधन उद्योग** का विकास करना है।
- संस्थान का अनुसंधान **पशु आनुवंशिकी और जीनोमिक्स**, **ट्रांसजेनिक प्रौद्योगिकी, प्रजनन जैव प्रौद्योगिकी, संक्रामक रोग, जैव सूचना विज्ञान** तथा **पोषण संवर्द्धन** पर केंद्रित है।

## देशी मवेशियों की नस्लों के संरक्षण के लिये NIAB की पहल क्या हैं?

- **देशी मवेशियों का आनुवंशिक अनुक्रमण:** NIAB द्वारा पंजीकृत **मवेशियों की नस्लों** के लिये **आणविक हस्ताक्षर/मॉलिक्यूलर सिग्नेचर** स्थापित करने के लिये **नेक्स्ट जेनरेशन सिक्वेंसिंग** **(NGS)** डेटा और जीनोटाइपिंग तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।
  - आणविक हस्ताक्षर **स्वदेशी मवेशियों की नस्लों की शुद्धता** को सटीक रूप से पहचानने और बनाए रखने तथा अद्वितीय **आनुवंशिक लक्षणों** को संरक्षित करने में मदद करते हैं।
- **टीका विकास (Vaccine Development):** NIAB द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार और आर्थिक नुकसान को कम करने के लिये **ब्रुसेलोसिस** जैसी बीमारियों के खिलाफ नेक्स्ट जेनरेशन के टीके विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।
  - **BioE3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी)** नीति के साथ जैव विनिर्माण को बढ़ाने के लिये प्रयास संरेखित हैं।
- **उन्नत अनुसंधान और मॉडल:** NIAB प्राकृतिक और **3D-प्रिंटेड पदार्थों** का उपयोग करके **ऊतक की मरम्मत** तथा दवा वितरण के लिये **'बायो-स्कैफोल्ड'** के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
  - स्कैफोल्ड एक **मौलिक पदार्थ** है, जिसमें कोशिकाओं और विकास कारकों को एक स्थानापन्न ऊतक बनाने के लिये एम्बेड किया जाता है।
  - तपेदिक दवा स्क्रीनिंग और रोग मॉडलिंग के लिये एक गोजातीय फेफड़े का एक कोशिका-आधारित 3D मॉडल बनाया गया है।
- **स्थायी जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना:** NIAB जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा निर्धारित **छह विषयगत क्षेत्रों** के अनुरूप काम कर रहा है ताकि वैकल्पिक प्रोटीन और संधारणीय जैव-निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक जैव-आधारित **चक्रीय अर्थव्यवस्था** को बढ़ावा दिया जा सके।
- **एंटीबायोटिक्स के विकल्प:** NIAB ने स्टैफिलोकोकी, ई. कोली और स्ट्रेप्टोकोकी जैसे **बैक्टीरिया** को लक्षित करने के लिये **एंटीबायोटिक्स के विकल्प** के रूप में **बैक्टीरियोफेज़** तथा उनके **'लिटिक' प्रोटीन का उपयोग** करने की योजना बनाई है।
  - **बैक्टीरियोफेज,** जिन्हें फेज भी कहा जाता है, वे वायरस हैं जो केवल **बैक्टीरिया कोशिकाओं** में ही संक्रमित होते हैं और उनमें ही प्रजनन करते हैं। बैक्टीरियोफेज बैक्टीरिया को मारते हैं।
  - फेज लाइटिक प्रोटीन एंजाइम आधारित एंटीबायोटिक दवाओं का एक चिकित्सकीय रूप से उन्नत वर्ग है, जिसे **एंजाइमोटिक्स** कहा जाता है।
- **पोषण संबंधी तनाव के लिये बायोमार्कर:** पोषण संबंधी तनाव के प्रारंभिक आकलन हेतु एक बायोमार्कर (मेटाबोलाइट और प्रोटीन) विकसित किया गया है, जो मवेशियों की आबादी में उत्पादकता और बाँझपन में कमी ला सकता है।
- **सामुदायिक पहुँच और सतत् कृषि:** NIAB सामुदायिक सहभागिता और **मिलन (MILAN)** जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सतत् पशुधन खेती को बढ़ावा देता है, जो नई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिये पशुधन किसानों के साथ जुड़ता है।

## अगली पीढ़ी का अनुक्रमण (NGS) क्या है?

- NGS एक नई तकनीक है, जिसका उपयोग **DNA और RNA अनुक्रमण** तथा **भिन्नता/उत्परिवर्तन** का पता लगाने के लिये किया जाता है।
- NGS बहुत कम समय में सैकड़ों-हज़ारों जीनों या **संपूर्ण जीनोम** को अनुक्रमित कर सकता है।
- इसमें **DNA विखंडन, बड़े पैमाने पर समानांतर अनुक्रमण**, **जैव सूचना विज्ञान विश्लेषण** तथा भिन्नता/उत्परिवर्तन समीक्षा और व्याख्या शामिल है।
- NGS को **व्यापक समानांतर अनुक्रमण या गहन अनुक्रमण के रूप में भी** जाना जाता है।

## भारत में BioE3 नीति और जैव प्रौद्योगिकी क्या है?

- अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रस्ताव 'BioE3 **(अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी) नीति'** को मंज़ूरी दी।
- BioE3 को **जैव-विनिर्माण को बढ़ाने** के लिये अभिकल्पित किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में **ईंधन योजक** जैसे जैव आधारित उत्पादों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करता है।
- यह एक **वृत्ताकार जैव-अर्थव्यवस्था** के माध्यम से **'नेट जीरो' कार्बन अर्थव्यवस्था** और मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिये जीवनशैली) को प्राप्त करने जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों का समर्थन करता है।
- यह **अनुसंधान एवं विकास** नवाचार और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करता है, **जैव विनिर्माण तथा जैव-AI केंद्रों** की स्थापना करता है एवं भारत के जैव प्रौद्योगिकी कार्यबल का विस्तार करना चाहता है।
- स्वास्थ्य देखभाल परिणामों में सुधार के लिये **प्रेसिजन बायोथेराप्यूटिक्स** (सटीक चिकित्सा) BioE3 नीति के **मुख्य विषयों** में से एक है।

## पशुधन क्षेत्र के विकास के लिये सरकारी योजनाएँ क्या हैं?

- राष्ट्रीय गोकुल मिशन
- पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF)
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम
- राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन
- राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केंद्र

**Read More:** **Long Read Sequencing**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**Q.1 भारत की निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिये: (2012)**

1. लोबिया
2. मूंग
3. अरहर

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से दलहन उपयोग दलहन, चारा और हरी खाद के रूप में प्रयोग होता है/होते हैं?**

**(a)** केवल 1 और 2
**(b)** केवल 2
**(c)** केवल 1 और 3
**(d)** 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न .वर्तमान में वैज्ञानिक गुणसूत्र पर जीन या डीएनए अनुक्रमों की व्यवस्था या सापेक्ष स्थिति निर्धारित कर सकते हैं। यह ज्ञान हमें कैसे लाभ पहुँचाता है? (2011)**

1. पशुधन की वंशावली जानना संभव है।
2. सभी मानव रोगों के कारणों को समझना संभव है।
3. रोग प्रतिरोधी पशु नस्लों को विकसित करना संभव है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/initiatives-for-preservation-of-indigenous-cattle-breeds